क्रमश: फ्रांस, जापान और अमरीका की फर्मों के सहयोग से काम कर रहे हैं। विदेशी फर्मों के साथ सहयोग की शर्तों में एक मुश्त तकनीकी शुल्क एवं पारिश्रमिक के भुगतान का प्रश्न अन्तर्ग्रस्त है। इन सभी एककों के करार की अवधि 10 वर्ष है।

(ग) विदेशी मुद्रा की बचत का अनुमान 3.40 करोड़ रु० प्रति वर्ष लगाया गया है।

### बाल बेयरिंग फैक्टरियां

8077. श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री वेणी शंकर शर्मा :
श्री जि० ब० सिंह :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में बाल बेयरिंग फैक्टरियों की संख्या क्या है और वे किन किन देशों के सहयोग से स्थापित की गई हैं;

(ख) इन फैक्टरियों में कितनी विदेशी पूंजी लगी हुई है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों में भी बाल बेयरिंग कम्पनी ने किन किन देशों को माल भेजा?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)**: (क) देश में बड़े पैमाने पर बालबेयरिंग बनाने के 7 कारखाने हैं और उन्हें इनके लिये इंगलैंड, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रिया, अमरीका, स्वीडन तथा जापान की कम्पनियों से तकनीकी/वित्तीय सहयोग किये गये हैं।

(ख) इनमें से तीन की इक्विटी अंश-दायी पूंजी में विदेशी विनियोजन 275 लाख रुपये है।

(ग) सिंगापुर।

### Inclusion of Jeeps and Trucks in the Hire-Purchase Scheme

8078. Shri Jyotirmoy Basu:
Shri C. K. Chakrapani:
Shri E. K. Nayanar:
Shri P. P. Esthose:
Shri Satya Narain Singh:

Will the Minister of **Commerce** be pleased to state:

(a) whether jeeps and trucks have been included in the hire-purchase scheme as applicable to tea machineries equipment for production and manufacture of tea; and

(b) if not, the reasons therefor?

**The Minister of Commerce (Shri Dinesh Singh)**: (a) No, Sir.

(b) A proposal from the Tea Board that supply of jeeps and trucks should be brought within the scope of the Tea Machinery Hire Purchase Scheme is under consideration.

### Loss on Patna-Digha Line

8079. Shri Ramavatar Shastri:
Shri K. M. Madhukar:
Shri Chandra Shekhar Singh:

Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in the Railway Board's Letter No. 64-TT (IV)/16/E|69, dated the 20th May, 1967, it has been stated that the Railways suffered a heavy loss of about Rupees 23,000.00 per annum on the working aspect of even mixed trains on Patna-Digha line on the Eastern Railway; and

(b) if so, what was the total income and expenditure on the mixed, train during the period from 1st October, 1964 to 31st March, 1967 and the amount of expenditure on each item?

**The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha)**: (a) Yes.

(b) Figures for the period from 1-10-1964 to 31-3-1967 are not available. A statement showing the financial results of working of Patna-Digha

Branch for the period from 1-10-1964 to 31-3-1965 and from 1-10-1965 to 30-9-1966 is, however, laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1341/67].

### Closing of passenger traffic on Patna-Digha Section

**8080. Shri Ramavatar Shastri:**
**Shri Chandra Shekhar Singh:**
**Shri K. M. Madhukar:**

Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the passenger traffic on Patna-Digha section of the Eastern Railway has been closed down with effect from the 1st April, 1967 in order to wipe out the heavy loss incurred by the Railway Administration on this section; and

(b) if so, what new changes in the working aspect of the Section have been introduced since 1st April, 1967 and what is the amount of saving on each item of the changes made?

**The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha)**: (a) Yes.

(b) With the withdrawal of mixed trains, goods trains are being run to clear the goods traffic on this section. Particulars of saving on account of withdrawal for passenger services on this section are not readily available.

### Supply of Steel Sheets to Integral Coach Factory

**8081. Shri Nanja Gowder:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the 6,000 tonnes of special steel sheets supplied to the Integral Coach Factory by a French firm are below specification; and

(b) if so, the action taken thereon?

**The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha)**: (a) Yes. About 6,000 tonnes of steel sheets supplied to the Integral Coach Factory by a French Steel Export firm have been reported by the Coach Factory to contain copper less than 0.2 per cent to 0.35 per cent specified. In regard to surface finsh, tensile strength, other physical properties and chemical composition, the sheets were reported as according to specifications.

(b) The complaint regarding this deficiency and obtaining compensation for it, is being examined by the Director General, India Supply Mission, London.

### खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग, नई दिल्ली का सूचना विभाग

**8082. श्री भा० सुन्दरलाल :**

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली स्थित खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के सूचना विभाग पर प्रति वर्ष कितना खर्च किया जा रहा है;

(ख) उक्त कार्यालय में काम पर लगे कर्मचारियों की श्रेणीवार संख्या कितनी है और उनके वेतनक्रम क्या हैं; और

(ग) इस कार्यालय को दिल्ली में स्थित करने के क्या कारण हैं जबकि आयोग का मुख्यालय बम्बई में है ?

**वाणिज्य उपमंत्री (श्री शफी कुरेशी)**: (क) 1966–67 में 85,684 रुपये।

(ख)

| श्रेणी | काम पर लगे कर्मचारियों की सं० | वेतन-क्रम |
|---|---|---|
| 1 सहायक निदेशक | 1 | 350-25-500<br>30–590 द.प<br>30–800 रुपये |